समय पहले आगजनी की कुछ घटनायें हुई हैं ;

(ख) यदि हां, तो आगजनी की इन घटनाओं के कारण कितना नुकसान हुआ;

(ग) क्या आगजनी की इन घटनाओं के पीछे तोड़-फोड़ की किसी संभावना का संदेह है ; और

(घ) क्या यह सच है कि उक्त कारखाने के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार और अनियमितताये हो रहीं हैं और उसी को छिपाने के लिये निहित स्वार्थ वाले व्यक्तियों ने उक्त अग्नि कांड करवाय हैं ?

**कृषि मंत्रालय में उर्वरक विभाग में राज्य मंत्री (श्री आर० प्रभु)** : (क) से (घ) निर्माणाधीन विजयपुर उर्वरक संयंत्र में 30-3-1987 को आग लगने की एक बड़ी घटना घटी । आग परामर्शदाता (प्रोजेक्ट एंड डेवलपमेंट इंडिया लि०) के भंडार में लगी जो कि वर्कशाप भवन में स्थित है जिसके परिणामस्वरूप कुछ उपस्कर तथा स्पेयर्स को क्षति पहुंची । विजयपुर पुलिस स्टेशन में आई पी सी की धारा 186, 201 और 436 के अन्तर्गत एक मामला दायर किया गया है । आग लगने की एक और लघु घटना 6-4-87 को घटी जिससे पेकैजिंग सामग्री को क्षति पहुंची तथा जिसके संबंध में स्थानीय पुलिस के पास शिकायत दायर की गयी थी । दोनों मामलों की जांच की जा रही है । नेशनल फर्टिलाइजर्स लि० (एन०एफ०एल०) जो परियोजना को कार्यान्वित कर रहे हैं, ने 30-3-87 को घटी आग लगने की घटना के कारण का पता लगाने के लिये एक समिति गठित की है । यद्यपि, समिति के अनुसार तोड़ फोड़ की संभावना को दर्शाने के लिये कोई साक्ष्य नहीं है, फिर भी पुलिस की जांच पड़ताल यह निर्धारित करेगी कि क्या कोई तोड़ फोड़ की गयी थी । समिति के अन्य निष्कर्ष नीचे दिये गये हैं:-

1. ऊंचाई पर स्थित एक क्रेन से वेल्डिंग की चिंगारी से आग लगी ।

2. अग्नि शमन सेवाओं में सुधार अपेक्षित हैं और सुरक्षा पद्धतियां आरम्भ करनी पड़ेंगी और उन्हें दृढ़ता से लागू करना होगा ।

3. प्रारम्भिक मूल्यांकन के अनुसार, अनुमान है कि लगभग 5.00 करोड़ रुपये की क्षति हुई है । क्षति की वास्तविक मात्रा का पता बीमा कम्पनी के सर्वेक्षकों द्वारा किये गये मूल्यांकन के बाद ही लगेगा ।

**Meeting of UPC in Directorate oi Estates**

2137. SHRI RAFIQUE ALAM: th$_e$ Minister of URBAN DEVEL: ?-MENT be plensed to state:

(a) when the meeting of the Depart - mental Promotion Committee for motion to the post of the A Director of Estates (Accounts) in Directorate of Estates was held !.

(b) whether some posts oi As tant Director of Estates (ACCOUJ are. lying vacant in the Directors! Estates for the last one year; if so what are the reasons for the del; filling" up the vacancies:

(c) whether suitable eligible car. 11- dates for filling up the posts are; able from the feeder grade; if so. reasons for not filling up the post promotion from the ranks so far; and

uli by when these pust are like!; *to* be filled up?

THE MINISTER OF STATE EN THE MINISTRY OF URBAN DEVE- LOPMENT (SHRI DALBIR SINGH): (a) to (d) The last meeting of Departmental Promotion Conn was held on 29-11-86, but a final decision could not be taken. The matter has since been sorted out: n consultation with the Department o£ Personnel and Training and efforts are being made to finalize the case early.